हिन्दुस्तान

सीतापुर : एसटीएफ ने पकड़ा नकली शराब का जखीरा, पांच गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,सीतापुर ● Published By: Deep Pandey
Tue, 18 May 2021 12:20 PM

सीतापुर जिले के महोली इलाके में मंगलवार तड़के एसटीएफ ने दबिश देकर नकली शराब का जखीरा बरामद किया है। पांच आरोपी पकड़े गए हैं। इनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि यहां से बनने वाली शराब लखनऊ और कानपुर में सप्लाई की जाती रही है। फोन से मिले इनपुट के बाद एसटीएफ सक्रिय हुई और मंगलवार तड़के करीब चार बजे दबिश देकर नकली शराब की खेप बरामद की। घटनास्थल से भारी मात्रा में नकली शराब, होलाग्राम, रैपर, शीशियां और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय का कहना है कि महोली कोतवाली क्षेत्र के रिछाही गांव में एक कारखाने से नकली शराब बरामद हुई है। कारखाने में गुड़ की बेल और धर्मकाटा भी लगा है। इसी के भीतर शराब तस्कर नकली शराब बना रहे थे। एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए अभी तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी कारखाने के भीतर से नकली होलोग्राम और नकली रैपर के सहारे शीशीओं में नकली शराब भरकर गैर जनपदों में भेज रहे थे। रिछाही निवासी विजय वर्मा शराब तस्करी में मुख्य आरोपी है।

पकड़े जाने वालों में कानपुर बिधुनी थाना क्षेत्र स्थित चौराई निवासी शिवशंकर गुप्ता, घाटमपुर थाना क्षेत्र स्थित मखौनी निवासी कुसुम कुमार, रिछाही निवासी विजय वर्मा, अंकुश वर्मा और इलाके का चमखर निवासी बलवीर भी शामिल है। घटनास्थल से दस हजार के करीब खाली शीशी, बीस हजार होलोग्राम, रैपर, नौ ड्रम, स्प्रिट सहित अन्य की बरामदगी हुई है।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/story-sitapur-stf-arrested-fake-liquor-five-arrested-4039291.html